यातायात पुलिस ने 60 वाहन चालकों के काटे चालान

बिना हेलमेट 51, बिना सीट बेल्ट 09 आदि की मोटर व्हीकल एक्ट में कार्यवाही

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल के निर्देश पर श्योपुर यातायात पुलिस का 26 अप्रैल से 10 मई तक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने हेतु संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट धारण किए दुपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चैकिंग अभियान निरंतर संचालित कुल 60 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 19800 रू का समन शुल्क किया शासन कोष में जमा। बिना हेलमेट:51, बिना सीट बेल्ट:09 आदि की मोटर व्हीकल एक्ट में कार्यवाही की गई।

माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेंटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशानिर्देशों के अनुरूप पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु 26 अप्रैल से 1 मई तक विशेष हेलमेट चैकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में श्री अग्रवाल पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर के निर्देशन में अभियान के अंतर्गत पृथक-पृथक चिन्हित स्थानों पर निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा सूबेदार अनिल बाथम,ेप जितेंद्र शर्मा, राम बिहारी परमार, देवेंद्र सिंह जादौन एवं हमराही यातायात बल के साथ वाहन चैकिंग कर बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट की चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर के कुल 60 चालान बनाया जाकर 19800 रू. का समन शुल्क जुर्माना जमा किया गया।

यातायात पुलिस की शहर के नागरिकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से धारण करें। ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाये तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। स्वयं भी सुरक्षित रहें एवम् दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा अवसर दें।

एसडीएम, तहसीलदार ने लिया जनगणना का जायजा

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना का प्रथम चरण शुरू हो गया है, प्रथम चरण में 01 मई से 30 मई तक मकानों के सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए एचएलबी गठित कर प्रगणक और सुपरवाईजर नियुक्त किए गए हैं।

एसडीएम श्री मीणा एवं तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा द्वारा इसी क्रम में आज फील्ड में पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किये जा रहे कार्यो का जायजा लिया गया।

इस दौरान उन्होंने मठेपुरा, ग्वाडी, रायपुरा आदि ग्रामों में प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि जनगणना का कार्य पूरी तरह डिजिटल मोड में किया जा रहा है, इसके लिए प्रगणकों द्वारा एप डाउनलोड किये गये है तथा एप के माध्यम से गणना का कार्य किया जा रहा है।

मजदूर संगठन ने जताई सुरक्षा पर चिंता, थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

मालनपुर, 2 मई। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में कई फैक्ट्रियों में बिना पुलिस व चरित्र सत्यापन के श्रमिकों को काम पर रखने का मामला सामने आया है, जिसको लेकर मजदूर सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र पाल बंसल ने थाना प्रभारी मालनपुर को पत्र सौंपकर कड़ी निगरानी की मांग की है। संगठन का आरोप है कि जमना ऑटो इंडस्ट्रीज समेत अन्य कंपनियों में ठेकेदारों द्वारा संदिग्ध आचरण वाले लोगों को नौकरी दी जा रही है। पत्र में कहा गया कि बिना सत्यापन के कार्यरत व्यक्तियों से चोरी, मारपीट व अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कूप मरम्मत

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं की मरम्मत एवं निर्माण कार्य जारी है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम सोठवा, बगरवा एवं सेसईपुरा में सार्वजनिक कूप के मरम्मत एवं सुदृढीकरण के कार्य कराये जा रहे है। कूप मरम्मत से प्राचीन जल स्त्रोत का संरक्षण होगा।

संभाग प्रभारी ने किया परिषद की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के राज्य स्तरीय अधिकारी एवं चंबल संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने जिले में जन अभियान परिषद अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओ, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कार्यक्रम के द्वारा किए जा रहे कार्यो का अवलोकन किया।

इस दौरान संभागीय समन्वयक धर्मेन्द्र सिसौदिया, जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, ब्लॉक समन्वय श्रीमती नीतू सिंह आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कराहल विकासखंड के काली तलाई ग्राम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा स्थापित व श्योपुर नगर के वार्ड 8 में नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं वार्ड 2 में मातृछाया सेवा संस्थान द्वारा प्याऊ का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही नवांकुर संस्था मानव फाउंडेशन द्वारा ग्राम हनुमान खेड़ा में स्थापित नर्सरी का निरीक्षण भी किया।

पंचायतों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य जारी

श्योपुर, 02 मई। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासकीय भवनों पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य संचालित है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में अभियान के तहत किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों के क्रम में प्रत्येक पंचायत में शासकीय भवनों पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के कार्य शामिल किये गये है, जिससे वर्षा जल का भूमि में संग्रहण हो सकें और भू-जलस्तर में वृद्धि हो। इसी क्रम में हाईस्कूल पुरा, ग्राम पंचायत मकडावदा कलां, ग्राम पंचायत जैदा सहित अन्य स्थानों पर कार्य कराये जा रहे है।

विश्व रेडक्रॉस सप्ताह का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस श्योपुर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 2 मई से 8 मई तक मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्योपुर के सेमीनार हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मानवता में एकजुटता थीम पर आयोजित सेवा सप्ताह के प्रथम दिन रेडक्रॉस के नए सदस्यों एवं आमजन को जिला रेडक्रॉस की गतिविधियों से अवगत कराते हुए मानवता के लिए संगठित रहने की आवश्यकता प्रतिपादित की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं पुरातत्वविद् कैलाश पाराशर ने अपने उद्बोधन में ऐतिहासिक और सामाजिक प्रसंगों के माध्यम से मानव सेवा, सामाजिक एकता और संवेदनशील नागरिकता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज सर्राफने रेडक्रॉस सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों एवं सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए युवाओं को रेडक्रॉस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने विद्यार्थियों को मानव सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने भविष्य में रेडक्रॉस के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करने का सुझाव भी रखा।

कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव दिनेशराज दूबोलिया ने किया।

मानव सेवा के लिए युवाओं को किया प्रेरित

उन्होंने रेडक्रॉस स्थापना दिवस सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को मानव धर्म और सेवा भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वी.के. सक्सेना, विष्णु बाल्मीकि, अशरफ कुरैशी, प्रमोद गुप्ता, चित्रेश जैन, पुरुषोत्तम शर्मा, देवेंद्र शर्मा, विपुल शर्मा, ओ.पी. जारोलिया एवं बूंदू खां सहित रेडक्रॉस के सदस्य उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरविंद दोहरे, डॉ. सीमा चौकसे, श्री प्रेमचंद एक्का, श्री बालकृष्ण वैष्णव सहित अन्य स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग जारी

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में व्यावसायिक शिक्षा के तहत विद्यार्थियों के लिए 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग शुरू किया गया है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर के विद्यार्थी व इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं व्यावसायिक दक्षता प्रदान करने के लिए व्यावसायिक शिक्षक शुभम शर्मा एवं राघवेंद्र तिवारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

संस्था के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करना है वोकेशनल शिक्षा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक है इसमें छात्र स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को उपकरण की जानकारी तकनीकी ज्ञान व व्यावहारिक अनुभव भी दिया जा रहा है ऐसी गतिविधियों छात्रों के कौशल विकास में अहम भूमिका निभाती है।

कराहल में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कराहल के सभागार में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत कराहल की अध्यक्ष श्रीमती बत्तोबाई आदिवासी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान 06 बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ प्रदान करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। इस अवसर पर सीईओ जनपद राकेश शर्मा, प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती सुषमा सोनी सहित सुपरवाईजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं तथा मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना में लाभान्वित हो रही बालिकाएं उपस्थित रही।

लाडली लक्ष्मी उत्सव के दौरान योजना में लाभ लेकर अपनी पढाई कर रही बालिकाओं द्वारा अपने अनुभव सांझा किये गये। इस अवसर पर पिंकी आदिवासी पुत्री गोपाल आदिवासी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन्हें पढाई में आगे बढने में काफी सहायता मिली, उन्होंने कहा कि योजना के तहत कक्षा 6 में पहुंचने पर उन्हें 2 हजार तथा कक्षा 9 में 4 हजार और कक्षा 11 में पहुंचने पर 6 हजार रूपये की राशि मिली है, इससे उन्हें पढाई करने में मदद मिली।

इसी प्रकार कराहल की काव्या सेन पुत्री रिकूं सेन ने बताया कि अभी वह कक्षा 12 की छात्रा है, लाडली लक्ष्मी योजना में शामिल होने से उन्हें कक्षा 6, कक्षा 9 और कक्षा 11 में प्रोत्साहन राशि मिली, जो उनकी पढाई को जारी रखने में काफी मददगार साबित हुई। पारोंद निवासी रिंकी यादव पुत्री गिर्राज यादव ने बताया कि योजना अंतर्गत उन्हें विभिन्न कक्षाओं में पहुंचने पर आर्थिक मदद प्राप्त हुई, कॉलेज में एडमिशन पर भी उन्हें साढे बारह हजार की राशि मिली है। इस प्रकार से यह योजना बेटियों को पढने और आगे बढ़ने में कारगार साबित हो रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना के तहत बालिका हिमांशी (माता-पिता किरण, भरत) आचार वाला सहराना, लावन्या (माता-पिता नीति, दीपक) उधमपुरा, आशी (माता-पिता उर्मिला, आकाश) उधमपुरा, शिवानी (माता-पिता नीताशा, युवराज) सुखाखारा, रूबी (माता-पिता सरोता, दिलबोग) सुखाखारा, निधि (माता-पिता दिलबर, जुगराज) इन्द्रा कॉलोनी कराहल को 1 लाख 18 हजार रूपये की राशि के प्रमाण पत्र प्रदान किए।

एनएचएआई के नए नियम लागू, बरेठा टोल प्लाजा पर सख्ती बढ़ी

मालनपुर, 2 मई। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक मई से नए नियम लागू कर दिए गए हैं। इन नियमों का असर बरेठा टोल प्लाजा पर प्रमुखता से देखने को मिल रहा है, जहां अब सख्ती के साथ नई व्यवस्था लागू की जा रही है।एनएचएआई को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ वाहन चालक गलत वाहन नंबर बताकर या नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर टोल नाकों से बिना शुल्क दिए निकल जाते थे। बाद में जब असली वाहन मालिकों को इसकी जानकारी मिलती थी, तो वे संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज कराते थे। इन गंभीर शिकायतों को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई ने नई तकनीक और सख्त नियम लागू किए हैं।

प्रमुख नए नियम एनएचएआई के निर्देश अनुसार: हाईटेक स्कैनर प्रणाली लागू: अब टोल प्लाजा पर अत्याधुनिक कैमरा और स्कैनर लगाए गए हैं, जो वाहन की नंबर प्लेट, फास्टैग और रजिस्ट्रेशन की सटीक पहचान करेंगे। गलत नंबर/छेड़छाड़ पर रोक: नंबर प्लेट में हेरफेर या गलत जानकारी देकर टोल से बचना अब संभव नहीं होगा।

पेड़ों व छायादार स्थानों पर ग्रामीण भी लगा रहे सकोरे

शहर की बालकनी से गांव की मुंडेर तक पहुंचा दाना-पानी अभियान

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की पहल पर गर्मियों के दौरान शुरू किये गये दाना-पानी अभियान जन समर्थन के साथ आगे बढ रहा है, शहर की बालकनी से लेकर गांव की मुडेंर तक अभियान के तहत लोग बेजुबान पक्षियों के लिए दाने एवं पानी के लिए सकोरे रख रहे है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के उद्यान से शुरू हुई यह मुहिम जिले के गांव तक पहुंच गई है। शासकीय कार्यालयों के परिसरों, सार्वजनिक उद्यानों, सहकारी संस्थाओं तथा एनआरएलएम से जुडे स्वसहायता समूहों की महिलाओं सहित ग्रामीण महिलाएं पक्षियों के लिए जल पात्र लगाने के लिए आगे आ रही है।

उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए पानी व दाने की उपलब्धता सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित नागरिकों से पक्षियों के लिए सुलभ स्थानों पर सकोरे लगाने की अपील के चलते विभिन्न स्थानों पर सकोरे लगाये जा रहे है। इसी क्रम में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित सीएलएफकलितपुरा तथा अगरा में एनआरएलएम के डीपीएम सोहनकृष्ण मुगदल के नेतृत्व में बडी संख्या में पक्षियों के लिए सकोरे लगाये गये है। इसके अलावा करियादेह, जैतपुरा, राजपुरा, सूसवाडा, मोराई, झिरन्या गौशाला, सीएलएफ करियादेह, हीरापुर, आवदा, गोरस, बगवाडा, चक सहराना मानपुर, रायपुरा, कोटरा में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा दाने और पानी के सकोरे रखे गये हैं। डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में भी डीपीसी कार्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर सकोरे लगाने का कार्य किया गया है।

ब्रह्माकुमारी आश्रम में हुआ श्रमिकों का सम्मान

मालनपुर, 2 मई। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ब्रह्मा कुमारी संस्थान मालनपुर द्वारा श्रमिकों का सम्मान किया गया। जिस कार्यक्रम में पूर्व ठेकेदार ठाकुर वर्मा ने श्रमिकों को यही बताया । आप भले श्रमिक बने लेकिन अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर योग्य अवश्य बनाएं। समाज में सर ऊंचा उठाकर जीना हर एक के अधिकार में है। आप अपने आप को कमजोर ना समझे और अपनी शक्ति अनुसार बच्चों को एक उच्च स्थान अवश्य दिलाए। संचालीका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने श्रमिकों के मनोविचार को सकारात्मक बनाने पर प्रकाश डाला और कहा कभी व्यर्थ विचार लाकर गलत संग में पड़कर अपने मेहनत से कमाए हुए पैसों को गलत चीजों में ना लगाये। खुश रहे और जो भी मिले उसे स्वीकार कर संतुष्ट रहकर, परिवार का ध्यान रखें और कुछ समय निकालकर परमात्मा को भी धन्यवाद करें। कुमारी अननन्या ने नृत्य द्वारा सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार महेश भाई, प्रसाद भाई, सुनील भाई, अनामिका बहन, अंजलि बहन, नेहा बहन, शशि बहन, जानकी बहन उपस्थित थे। आए हुए सभी श्रमिकों का तिलक, पट्टीका एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

बड़ौदाराम वेयर हाउस पहुंचे एसडीएम, गेहूं उपार्जन का लिया जायजा

जिले में अभी तक 32 हजार 997 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 02 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य जारी है, श्योपुर जिले में अभी तक 32 हजार 997 मैट्रिक टन गेहूं की खरीद कर ली गई है।

एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा आज बडौदाराम वेयरहाउस पहुंचकर खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया गया। वेयरहाउस बडौदाराम में 6 सहकारी समितियों द्वारा खरीदी का कार्य किया जा रहा है। एसडीएम श्री मीणा द्वारा बडौदाराम वेयरहाउस पर गेहूं खरीदी के संबंध में की जाने वाली पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा सर्वेयर और किसानों से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने खरीदी केन्द्र पर छाया, पानी, मेडिकल किट आदि मूलभूत सुविधाओं का जायजा भी लिया।

उल्लेखनीय है कि वेयरहाउस बडौदाराम पर 6 प्राथमिक सहकारी समितियों क्रमश: दांतरदा, जावदेश्वर, तलावदा, मानपुर, गुरनावदा एवं सोठवा द्वारा खरीदी का कार्य किया जा रहा है।

श्योपुर जिले में 33 सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर अभी तक 32 हजार 997 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है तथा 26 हजार 163 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन गोदाम एवं वेयरहाउस में कर दिया गया है। रेडी टू परिवहन का प्रतिशत 97.38 है तथा 12 हजार 448 स्लॉट की बुकिंग हो चुकी है।

श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के लिए किसानों को अभी तक 62 करोड़ 94 लाख 29 हजार 850 रूपये का भुगतान कर दिया गया है।

मालनपुर में ट्रैफिक चेकिंग अभियान, बिना हेलमेट-सीट बेल्ट वालों के चालान

मालनपुर, 2 मई। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देश में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र गौतम के मार्गदर्शन में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी के नेतृत्व में हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि हेलमेट और सीट बेल्ट सुरक्षा के लिए जरूरी है। सभी बाइक सवार हेलमेट और कार चालक सीट बेल्ट लगाकर चलें।अभियान में एसआई बलवंत सिंह यादव, एस आई रामशरण शर्मा, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर, आरक्षक कुलदीप राजपूत, संजय राठौर, संजीव श्रीवास आदि शामिल रहे।